# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-1

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623
महासचिव : 286865, 22477

अध्यक्ष
वजीन्द्र नारायण सिंह
(डब्लू० एन० सिंह)

महासचिव
गंगाधर लाल दास
(जी० एल० दास)

उपाध्यक्ष
फिराक अहमद
अरुण चन्द्र सि

संयुक्त सचिव
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

कोषाध्यक्ष
सुरेन्द्र राय
दूरभाष : 223435


Truth will Triumph

पटना

पत्र संख्या 15 दिनांक 22.3.2003

मुख्य सचिव,
बिहार सरकार,
पटना ।

विषय:- श्री दिवाकर साह (बि०प्र०से०), अंचलाधिकारी, बारसोई-सह-आजम नगर के नृशंस हत्या पर संघ की प्रतिक्रिया ।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में बिहार प्रशासनिक सेवा संघ कटिहार इकाई की दिनांक- 21-03-03 को हुई आपातकालीन बैठक में पारित प्रस्ताव की छाया प्रति संलग्न की जाती है । संघ को आधिकारिक तौर पर प्राप्त सूचनानुसार स्व० दिवाकर साह (बि०प्र०से०) अंचलाधिकारी, बारसोई-सह-आजम नगर की जघन्य हत्या दिनांक- 20-03-03 के अपराह्न जब वे अपने कर्त्तव्य से सालमारी (आजम नगर) से बारसोई मूल पदस्थापन स्थान पर मोटर--साइकिल से जा रहे थे, मकुरिया मोड़ पर आपराधिक तत्वों द्वारा गोली से उनकी नृशंस हत्या कर दी गई । स्व० साह बि०प्र०से० के 38वीं बैच के पदाधिकारी थे, जिनका कोटि क्रमांक सिविल लिस्ट, 1999 के अनुसार 2242 है । संघ की जिला इकाई ——— से प्राप्त प्रस्ताव संख्या-1 से स्पष्ट होता है कि स्व० साह की हत्या उक्त अंचल प्रखंड में व्याप्त रंगदारी का विरोध करने के फलस्वरूप की गई है । संघ की जिला इकाई के सचिव से दूरभाष पर प्राप्त सूचनानुसार स्व० साह द्वारा बारसोई थाना में उनसे रंगदारी मांगने के विरूद्ध 2-3 प्राथमिकी दर्ज की गई थी । उन प्राथमिकी के एक अभियुक्त श्री भानू राय हाल ही में जेल से छूटकर आये हैं । —— जिलाधिकारी, कटिहार से प्राप्त

.........पृ0/2

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-1

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 286865 (R), 224771 (O)

*अध्यक्ष*
राजीन्द्र नारायण सिंह
(डब्लू० एन० सिंह)

*महासचिव*
गंगाधर लाल दास
(जी० एल० दास)

*उपाध्यक्ष*
फिराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

*संयुक्त सचिव*
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

*कोषाध्यक्ष*
सुरेन्द्र राय
दूरभाष : 223435 (R)

Truth will Triumph

पत्र संख्या ..................

पटना

दिनांक..........................



सूचनानुसार इनकी गिरफ्तारी पुनः कर ली गई है, अन्य नामजद अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु सघन अभियान चलाया जा रहा है ।

इस घटन से संघ के तमाम सदस्य मर्माहत एवं उद्वेलित हैं । आपको ज्ञात होगा कि आये दिन असामाजिक एवं आपराधिक तत्वों द्वारा यहाँ तक कि प्रखंड/पंचायत समिति एवं जिला परिषद् के सदस्यों द्वारा भी हिंसक प्रहार हो रहे हैं, लेकिन सरकार इन आपराधिक तत्वों पर अंकुश लगाने में कितनी सफल रही, इसे बखूबी आप स्वयं महसूस करते होंगे । यह पदाधिकारी ही नहीं संपूर्ण राज्य के लिये चिंता का विषय है । संघ के द्वारा आपको एवं गृह सचिव को समय-समय पर ऐसी घटनाओं की जानकारी दी जाती रही है एवं ऐसे आपराधिक तत्वों पर अंकुश लगाने का अनुरोध किया जाता रहा है । हद तो यह है कि स्व० साह के पदस्थापन अंचल में सरकारी कार्य हेतु कोई वाहन उपलब्ध नहीं है । इसके बावजूद स्व० साह अपने कर्त्तव्य निर्वहन हेतु मोटरसाइकिल का सहारा लेने को बध्य हुए । यह भी ज्ञातव्य है कि सरकार द्वारा प्रखंड/अंचलों में यदि अंचल गार्ड दिया गया है, तो इनपर नियंत्रण अंचल अधिकारी का नहीं होकर थाना प्रभारी का रहता है, जो इनका उपयोग अपने मनोनुकूल कार्यों में करते हैं । यदि स्व० साह को वाहन एवं अंचल गार्ड की सुविधा उपलब्ध न रहती तो शायद ऐसे कर्त्तव्यनिष्ठ पदाधिकारी को अपनी जान की कीमत अदा नहीं करनी पड़ती । इन्हीं परिस्थितियों में घट रही घटनाओं की निरंतर पुनरावृत्ति होने से क्षेत्रीय पदाधिकारी का मनोबल गिर गया है एवं वे अपने को असुरक्षित एवं असहाय महसूस कर रहे हैं । सरकारी कार्यों एवं दायित्वों के निर्वहन में भी उनके समक्ष अनेक कठिनाईयाँ उत्पन्न हो रही हैं । पता नहीं सरकार और उसके आला अधिकारी क्यों मौन एवं मूक दर्शक बन ऐसी घटनाओं का अंजाम देख रहे हैं । हमें खेद है कि सरकार इस पर चिंतित क्यों नहीं है, जिसकी अपेक्षा — ..........P.T.O.

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-1

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 286865 (R), 224771 (O)

अध्यक्ष
राजीन्द्र नारायण सिंह
( डब्लू० एन० सिंह )

महासचिव
गंगाधर लाल दास
( जी० एल० दास )

उपाध्यक्ष
फिराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

संयुक्त सचिव
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

कोषाध्यक्ष
सुरेन्द्र राय
दूरभाष : 223435 (R)

Truth will Triumph

पत्र संख्या ..................

पटना
दिनांक..................



हम सबों को है। उपर्युक्त कटिहार जिला इकाई द्वारा पारित प्रस्तावों का पूर्ण समर्थन करते हुए वर्णित परिस्थिति में संघ मांग करती है कि :-

1- स्व0 साह के हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए एवं उन्हें अविलंब सजा देने हेतु विशेष अदालत का गठन किया जाए ।

2- स्व0 साह की पत्नी को सरकारी प्रावधानों के अंतर्गत देय राशि के अतिरिक्त 15 लाख रूपये का अनुग्रह अनुदान का अविलंब भुगतान किया जाए ।

3- स्व0 साह की पत्नी को उनकी योग्यतानुसार उनकी गृह जिला में सरकारी सेवा में शीघ्र नियुक्त किया जाए ।

4- स्व0 साह की पत्नी को उनके पति के वेतन के बराबर प्रोन्नत सहित अवशेष सेवावधि तक देय वेतनादि का भुगतान किया जाए ।

5- स्व0 साह के बच्चों की शिक्षा अवधि के पूर्ण होने तक सरकार ~~xx~~ शिक्षा का पूर्ण व्यय वहन करें एवं एतद् संबंधी स्वीकृत्यादेश निर्गत किया जाए ।

6- स्व0 साह की पत्नी को उनकी इच्छानुसार 03 ए कट्ठा आवासीय भू-खंड एवं मकान बनाने के लिये 05 लाख रूपये की राशि का स्वीकृत्यादेश निर्गत किया जाए। यथा ऐसे समान मामले में सरकार वह सारा आदेश —— स्व0 साह के मामले में निर्गत करे, जो स्व0 कृष्णैया, भा0प्र0से0 के मामलें में निर्गत किया गया था ।

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-1

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 286865 (R) / 224771 (O)

*अध्यक्ष*
बजीन्द्र नारायण सिंह
(डब्लू० एन० सिंह)

*महासचिव*
गंगाधर लाल दास
(जी० एल० दास)

Truth will Triumph

*उपाध्यक्ष*
फिराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

*संयुक्त सचिव*
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

*कोषाध्यक्ष*
सुरेन्द्र राय
दूरभाष : 223435 (R)

---

पत्र संख्या ..................

पटना
दिनांक..........................



7- क्षेत्र में खासकर प्रखंड एवं अंचल में पदस्थापित बि०प्र०से० के पदाधि- -कारियों को अविलंब अंगरक्षक एवं वाहन उपलब्ध कराया जाए ।

8- प्रखंड/अंचल में प्रतिनियुक्त अंचल गार्ड का नियंत्रण अंचलाधिकारी के अधीन किया जाए और जहाँ अंचल गार्ड पदस्थापित नहीं हैं, वहाँ अविलंब अंचल गार्ड की प्रतिनियुक्ति की जाए । संबंधित जिलाधिकारी एवं आरक्षी अधीक्षक को निदेश दिया जाए कि वे अंचल गार्ड हेतु प्रतिनियुक्त बल की प्रतिनियुक्ति विशेष परिस्थिति में भी बिना अंचल/प्रखंड विकास पदाधिकारी को विश्वास में लिये नहीं किया जाए ।

9- जिला पदाधिकारी एवं आरक्षी अधीक्षक, कटिहार को यह निदेश दिया जाए कि कंडिका "8" के प्रस्ताव अनुसार अविलंब कार्रवाई करना सुनिश्चित करें और सभी थाना प्रभारियों को सख्त निदेश देते हुए जबावदेह ठहराएँ ।

आशा है कि सरकार ~~के×~~ संघ के उपरोक्त माँगों के प्रति संवेदनशील होगी एवं उनकी पूर्ति 15 दिनों के अंदर करेगी । ऐसा नहीं होने पर संघ को आंदोलन के लिये विवश होना पड़ेगा और सारी जबावदेही सरकार की होगी । इस पत्र को आंदोलन से पूर्व का नोटिस समझा जाए ।

सादर ।

विश्वासभाजन

ह०/- गंगाधर 22.3.03

(गंगाधर लाल दास)
महासचिव ।

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-1

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 286865 (R), 224771 (O)

*अध्यक्ष*
जीन्द्र नारायण सिंह
(डब्लू० एन० सिंह)

*महासचिव*
गंगाधर लाल दास
(जी० एल० दास)

*उपाध्यक्ष*
फिराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

*संयुक्त सचिव*
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

*कोषाध्यक्ष*
सुरेन्द्र राय
दूरभाष : 223435 (R)

Truth will Triumph

पटना

पत्र संख्या ..................                                  दिनांक..........................



ज्ञाप संख्या- 15                    पटना, दिनांक- 22 मार्च, 2003 ई० ।

प्रतिलिपि-मुख्य मंत्री के प्रधान सचिव/मुख्य सचिव, बिहार, पटना/सचिव, कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग, बिहार, पटना/आरक्षी महानिदेशक, एवं आरक्षी महानिरीक्षक, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

ह०/-
गंगाधर लाल 22.3.03

(गंगाधर लाल दास)
महासचिव ।

ज्ञाप संख्या- 15                    पटना, दिनांक- 22 मार्च, 2003 ई० ।

प्रतिलिपि-सम्पादक, सभी हिन्दी/अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र/ब्यूरो प्रमुख, यू०एन० आई०/पी०टी०आई०/एक्सप्रेस मिडिया सर्विस एवं समाचार सम्पादक, दूरदर्शन/आकाशवाणी, पटना को प्रकाशन एवं प्रसारण हेतु प्रेषित ।

गंगाधर लाल 22.3.03

(गंगाधर लाल दास)
महासचिव ।